सलमान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी चित्रांगदा

बॉलीवुड अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह फिल्म बैटल ऑफ गलवान में सलमान खान के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करेंगी. निर्देशक अपूर्व लाखिया ने बताया है कि वॉर ड्रामा फिल्म बैटल ऑफ गलवानमें चित्रांगदा सिंह को सलमान खान के अपोज़िट फीमेल लीड के तौर पर कास्ट किया गया है.

अपूर्व लाखिया ने कहा, चित्रांगदा सिंह की प्रतिभा और स्क्रीन प्रेज़ेंस इस किरदार के लिए एकदम परफेक्ट है. उन्होंने कहा,मैं हमेशा से चित्रांगदा के साथ काम करना चाहता था, खासकर जब मैंने उन्हें %हज़ारों खूवाहिशें ऐसीऔर %बॉब बिस्वासमें देखा. हमें बेहद खुशी है कि वह 'बैटल ऑफ गलवान' की कास्ट का हिस्सा बन रही हैं. वह अपने किरदार में एक अनोखा मेल लेकर आती हैं .एक तरफ़ फेमिनाइन साइड और दूसरी तरफ़ मज़बूती, जो सलमान सर के गंभीर लेकिन शांत पर्सनेलिटी के साथ शानदार तालमेल बिठाएगी.

प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्रों के अनुसार अपूर्व लाखिया ऐसे चेहरे की तलाश में थे जो संघर्ष, भावुकता और नरमी को एक साथ बखूबी दिखा सके और चित्रांगदा सिंह ने ये सभी खूबियां सहजता से पेश कीं. लखिया उस वक्त खास तौर पर प्रभावित हुए जब उन्होंने इंडिया गेट पर खिंचवाई गई चित्रांगदा की कुछ तस्वीरें देखीं.

मलाइका के खिलाफ जमानती वारंट रद्द

साल 2012 के सैफ अली खान से जुड़े एक होटल विवाद मामले में अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा गवाह के तौर पर कोर्ट में पेश हुईं. मुंबई के एक कोर्ट में पेश होने के बाद अभिनेत्री को राहत मिली है. उनके खिलाफ जमानती वरांट रद्द हो गया है. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक मुंबई की एक अदालत ने सैफ अली खान से जुड़े 2012 के होटल विवाद मामले में अभियोजन पक्ष की गवाह अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के खिलाफ जारी जमानती वारंट बुधवार को रद्द कर दिया.

हालांकि, अभियोजन पक्ष द्वारा यह दलील दिए जाने के बाद कि मलाइका अरोड़ा उनके केस में सपोर्ट नहीं कर रही हैं, उन्हें गवाह के रूप में हटा दिया गया. बता दें कि अदालत ने मलाइका अरोड़ा के खिलाफ जमानती वारंट इस होटल विवाद मामले में अदालत में पेश नहीं होने पर जारी किया था. इस मामले में सैफ अली खान पर 13 साल पहले मुंबई के एक पांच सितारा होटल में एक एनआरआई व्यवसायी पर हमला करने का कथित आरोप है.अभिनेत्री-मॉडल मलाइका उस ग्रुप का हिस्सा थीं, जो 22 फरवरी, 2012 को कथित घटना के समय सैफ अली खान के साथ होटल में डिनर के लिए गए थे. अदालत ने अप्रैल में मामले में गवाह के रूप में गवाही दर्ज कराने के लिए उपस्थित न होने पर मलाइका अरोड़ा के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था.

सामंथा रुथ प्रभु यूएस ट्रिप पर अपने दोस्तों के साथ मस्ती करती नजर आ रही हैं . लेकिन सामंथा की कुछ तस्वीरों ने सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान अपनी ओर खींचा है जिसमें वे राज के साथ काफी क्लोज नजर आ रही हैं . इसके साथ ही, उनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं .

यूएस ट्रिप पर सामंथा रुथ प्रभु

साउथ सिनेमा की टॉप अभिनेत्रियों में से एक सामंथा रुथ प्रभु सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने पोस्ट को लेकर सुर्खियों में रहती हैं. अब समांथा अपने हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट को लेकर एक बार फिर अपने पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं.

उन्होंने हाल ही में अपने यूएसए वेकेशन की झलकियां शेयर की हैं. तस्वीरों में, सिटाडेल- हनी बनी अभिनेत्री दोस्तों के साथ मस्ती करती और अपने पसंदीदा खाने का आनंद लेती नजर आ रही हैं. लेकिन, इसके साथ ही, एक और तस्वीर ने सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान खींचा है.दरअसल, इस तस्वीर अभिनेत्री अपने कथित बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु के साथ अमेरिका की सड़क पर टहलती नजर आ रही हैं. इसके साथ ही, उनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं. सोशल मीडिया यूजर्स तो यहां तक अंदाजा लगा रहे हैं कि कपल ने इस तस्वीर के साथ अपने रिलेशनशिप को आधिकारिक बना दिया है, हालांकि, अब तक दोनों ने इस पर चुप्पी साध रखी है.सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर की है. उन्होंने डेट्रॉइट वेकेशन की तस्वीरें शेयर की हैं. एक तस्वीर में उनके कथित बॉयफ्रेंड राज निदिमोरू भी सामंथा के साथ नजर आ रहे हैं. दोनों सड़क पर टहलते हुए एक-दूसरे की बाहों में हैं. दोनों की तस्वीर इस अंदाज़ में है कि लोग उनके रिश्ते को लेकर कयास लगा रहे हैं. साथ ही, लोग सामंथा से पूछ रहे हैं कि क्या उन्होंने राज के साथ अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर दिया है.

संदीप रेड्डी वांगा पहले दिन ही देखेंगे 'सैयारा'

जानेमाने फिल्म निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा फिल्म सैयारा को प्रदर्शन के पहले दिन ही देखेंगे.

संदीप रेड्डी ने यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) की आगामी प्रेमकहानी 'सैयारा' को लेकर अपना उत्साह ज़ाहिर किया है. मोहित सूरी निर्देशित यह फिल्म अहान पांडे को बतौर वाईआरएफ हीरो और अनीत पड्डा को वाईआरएफ हीरोइन के रूप में लॉन्च कर रहा है.

इस फिल्म का ट्रेलर इस हफ्ते की शुरुआत में रिलीज़ किया गया था और तभी से इसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री और दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है. अब संदीप रेड्डी वांगा ने अपने सोशल मीडिया पर ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा,एक हिंदी हार्टलैंड लव स्टोरी को पूरी तरह रोमांस और ड्रामा पर फोकस करते देखना शानदार है. पहले दिन ही यह फिल्म देखने का इंतज़ार है. डेब्यू कर रहे कलाकारों को ढेर सारी शुभकामनाएं यह पूरी तरह मोहित सूरी का जादू है. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए निर्देशक मोहित सूरी ने लिखा,बहुत-बहुत धन्यवाद सर ! यह बहुत मायने रखता है. सैयारा

योगा ने बढ़ाई नेहा के चेहरे की चमक

बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया का कहना है कि उनकी एनर्जी और चेहरे की चमक का राज योगा करना है. नेहा धूपिया ने हाल ही में एक कार्यक्रम में एक ऐसे सवाल का जवाब दिया, जहां एक चिकित्सक ने उनसे उनके 40 की उम्र में जवान दिखने का राज और क्या उन्होंने इसके लिए कोई सर्जरी करवाई है, यह पूछ लिया.

नेहा ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि उनकी एनर्जी और चेहरे की चमक का राज़ रोज़ाना योग करना है, जिससे उनका मन और शरीर दोनों स्वस्थ रहते हैं. उनके इस जवाब पर वहां मौजूद सभी लोगों ने तालियों के साथ उनका समर्थन किया. नेहा ने यह भी कहा कि किसी भी उम्र में महिलाओं के लुक्स को लेकर सवाल उठाना और जज करना ठीक नहीं है.

नेहा धूपिया ने कहा, मैं कई सालों से योग कर रही हूं और इससे मुझे अंदर से शांत और बैलेंस रहने में मदद मिली है, जिसका असर बाहर भी दिखता है. लेकिन मैं ये साफ कहना चाहती हूं कि किसी भी उम्र में जैसा दिखना और महसूस करना है, उसके लिए कोई भी तरीका अपनाना ठीक है, लेकिन महिलाओं के लुक्स पर सवाल उठाना और जज करना बिलकुल भी ठीक नहीं है. महिलाओं से ये पूछना कि उनके खूबसूरती का 'सीक्रेट' क्या है, ये एक नॉर्मल बात मानी जाने लगी है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए. हमें महिलाओं के लुक्स को लेकर सवाल पूछना बंद करना चाहिए, चाहे वो 20 की हों या 40 की. मैं आभारी हूं कि योग ने मुझे ऐसा महसूस करने में मदद की, लेकिन हमें ये याद रखना चाहिए कि असली खूबसूरती खुद को अपनाने में है और दूसरों को भी बिना डर के खुद को अपनाने देने में है.

शिल्पा ने शेयर की पति के साथ तस्वीरें



शिल्पा शिरोडकर ने 2000 में बैंकर अपरेश रंजीत से विवाह किया था. आज शिल्पा ने शादी के 25 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कीं और एक भावुक नोट भी लिखा.शिल्पा शिरोडकर ने इंस्टाग्राम पर पति अपरेश रंजीत के साथ दो शानदार तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, हर अच्छे-बुरे, हर शांत और हर तूफान में, मैं 25 साल बाद भी तुम्हें ही चुनूंगी, इस सफल महिला के पीछे जो इंसान है, उसे 25वीं सालगिरह मुबारक ! मैं तुम्हें पहले से कहीं ज्यादा प्यार और सम्मान देती हूं.

वैसे, तस्वीर 2 में साफ लिखा है, तुम्हारी पत्नी हमेशा सही होती है.शिल्पा की इस पोस्ट पर कई सेलेब्स और फैंस ने जमकर कमेंट किया है. इन लाजवाब तस्वीरों पर गौहर खान ने लिखा, शादी की सालगिरह मुबारक हो, भगवान आपका भला करे%, करण वीर मेहरा ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं. वनिता ओमंग कुमार ने लिखा, शादी की सालगिरह मुबारक. एक फैन ने लिखा, हैप्पी एनिवर्सरी शिल्पा मैम, एक फैन ने लिखा, शादी की सालगिरह मुबारक%, एक और फैन ने लिखा, हे भगवान, आप लोगों से प्यार करता हूं. 25वीं सालगिरह मुबारक. जल्द ही मिलते हैं., एक और फैन ने लिखा,प्यारे जोड़े को शादी की सालगिरह की हार्दिक शुभकामनाएं.

डेब्यू के लिए तैयार हैं अभिनेत्री वाणी कपूर

बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर वेबसीरीज 'मंडला मर्डर्स' से ओटीटी पर डेब्यू करने जा रही है. नेटफ्लिक्स और वाय आर एफ एंटरटेनमेंट की बहुप्रतीक्षित वेबसीरीज सीरीज मंडला मर्डर्स 25 जुलाई को रिलीज हो रही है. यह सीरीज न केवल एक रहस्यमयी, पौराणिक- क्राइम थ्रिलर है, बल्कि अभिनेत्री वाणी कपूर के लिए ओटीटी पर पहला कदम भी है.

वाणी कपूर, जो अब तक बड़े पर्दे पर अपनी क्षमता दिखा चुकी हैं, इस बार एक कठिन और चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने को लेकर उत्साहित हैं. इस किरदार को लेकर उन्होंने कहा, मैं कुछ बेहद खास और चुनौतीपूर्ण तलाश रही थी ताकि मेरा ओटीटी पर डेब्यू यादगार हो, और मंडला मर्डर्स जैसा प्लेटफॉर्म मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है.

उदयपुर फाइल्स को लेकर बढ़ा विवाद

राजस्थान के चर्चित कन्हैया लाल टेलर मर्डर केस पर बनी फिल्म उदयपुर फाइल्सको लेकर विवाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है. इस फिल्म की रिलीज पर रोक की मांग जोर पकड़ रही है. ये फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होने वाली है और कई संगठन इसकी रिलीज के खिलाफ हैं. पिछले दिनों जमीयत उलेमा ए हिंद और जमाअत ए इस्लामी ने फिल्म पर पाबंदी की मांग उठाई थी और अब समाजवादी पार्टी ने भी इस पर आपत्ति जाहिर की है. महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य अबू आजमी ने विधानसभा में %उदयपुर फाइल्सका मुद्दा उठाया और तत्काल फिल्म पर रोक लगाए जाने की डिमांड की.भिवंडी में सपा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष और गोवंडी से विधायक अबू आसिम आजमी ने उदयपुर फाइल्सफिल्म पर बैन लगाने की मांग करते हुए दावा किया कि इस फिल्म के जरिए नफरत फैलाने का प्रयास हो रहा है और इसके रिलीज होने से विवाद बढ़ सकता है.

उन्होंने कहा- इस फिल्म के जरिए नफरत फैलाने का प्रयास हो रहा है. अगर यह फिल्म रिलीज हुई तो लॉ एंड आर्डर का मुद्दा खड़ा हो सकता है इसीलिए तत्काल इस फिल्म पर रोक लगाई जाए.

युवा प्रेम कथा से मिली इंडस्ट्री में पहचान

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नीतू सिंह आज 67 वर्ष की हो गयी. 08 जुलाई 1958 को जन्मीं नीतू सिंह को नृत्य में काफी रूचि थी. उनकी रूचि को देखते हुये उनकी मां राजी सिंह ने उसे प्रसिद्ध अभिनेत्री वैजयंती माला के नृत्य स्कूल में नृत्य सीखने की अनुमति दे दी. नृत्य सीखने के दौरान वैजयंती माला उनके नृत्य करने के अंदाज से काफी प्रभावित हुयीं और अपनी फिल्म ..सूरज ..में बाल कलाकार के रूप में काम करने की उनसे पेशकश की जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया.

साठ के दशक में नीतू सिंह ने कई फिल्मों में बाल कलाकार के रूप में अभिनय किया. ऑनलाइन फ़िल्म स्ट्रीमिंग सेवाएंवर्ष 1975 में ही नीतू सिंह को दीवार और रफूचक्कर जैसी सुपरहिट फिल्मों में भी काम करने का अवसर मिला. फिल्म दीवार पूरी तरह अमिताभ बच्चन और शशि कपूर पर आधारित थी जबकि फिल्म रफूचक्कर में उन्हें एक बार फिर से ऋषि कपूर के साथ काम करने का अवसर मिला. युवा प्रेम कथा पर आधारित यह फिल्म भी टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी. वर्ष 1982 में प्रदर्शित फिल्म 'तीसरी आंख' अभिनेत्री के रूप में नीतू सिंह की अंतिम फिल्म साबित हुयी. नीतू सिंह ने कई फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता लेकिन दुर्भाग्य से वह किसी भी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर से सम्मानित नहीं की गयी.

हालांकि, 1979 में प्रदर्शित फिल्म 'काला पत्थर' के लिये उन्हें सवश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये अवश्य नामांकित किया गया. आश्वासन तो सभी देते लेकिन उन्हें अच्छी फिल्मों में काम करने का अवसर कोई नहीं देता था. इस बीच नीतू सिंह ने शतरंज के मोहरे, आशियाना और हवस जैसी बी और सी ग्रेड वाली फिल्मों में अभिनय किया लेकिन इन फिल्मों से उन्हें कोई खास फायदा नहीं पहुंचा.

वर्ष 1975 में प्रदर्शित फिल्म ..खेल खेल में.. मुख्य अभिनेत्री के रूप में नीतू सिंह के सिने कैरियर की पहली सुपरहिट फिल्म साबित हुयी.

दर्शकों से मिल रही प्रतिक्रिया से अभिभूत हुए अभिषेक बच्चन

बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन अपनी फिल्म कालीधर लापता को दर्शकों से मिल रही प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं. अभिषेक बच्चन की फिल्म कालीधर लापता जी 5 पर 04 जुलाई को रिलीज हुयी है.इस फिल्म में अभिषेक के अभिनय को दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं. इसे आईएमडीबी पर 8.3/10 की रेटिंग मिली है.इस फिल्म की भावुक कहानी अभिषेक बच्चन पर केंद्रित है. कई लोगों का कहना है कि इस फिल्म में उन्होंने अपने जीवन की सबसे अच्छी परफॉर्मेंस दी है. अभिषेक बच्चन ने दर्शकों से मिल रही बेहतरीन प्रतिक्रिया के बारे में कहा, लोग इस फिल्म के साथ कितनी गहराई से जुड़े हैं, यह देखकर बहुत अच्छा लगा.

राजकुमार राव के घर आने वाला है नन्हा मेहमान

बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव ने बुधवार को अपने फैन्स को खुशखबरी दी है. जल्द ही राजकुमार राव के घर नन्हे मेहमान की किलकारियां गूंजने वाली हैं. बॉलीवुड एक्टर ने खुद इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है. राजकुमार राव और पत्रलेखा जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं.

एक्टर ने खुद अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है. राजकुमार ने लिखा, %बेबी ऑन द वे.राजकुमार राव के इस पोस्ट पर बॉलीवुड सितारों समेत तमाम फैन्स की बधाइयों का तांता लग गया है. फैन्स ने भी एक्टर को जिंदगी में एन नया और सुखद मोड़ आने पर बधाई दी है. पंचायत की एक्ट्रेस सुनीता राजभर ने राजकुमार को कमेंट में बधाई दी है. इसके साथ ही बॉलीवुड स्टार पुलकित सम्राट ने भी अपने दोस्तों को पेरेंट्स बनने की इस खबर पर कॉन्ग्रेचुलेशन्स का कमेंट भेजा है. इसके साथ ही बॉलीवुड एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर ने भी राजकुमार के पोस्ट पर कमेंट में प्यार लुटाया है. राजकुमार राव और पत्रलेखा दोनों ने 15 नवंबर 2021 को शादी की थी. लेकिन शादी से पहले दोनों करीब 11 साल तक रिलेशनशिप में रहे थे. दोनों ने सिनेमा की दुनिया में एक साथ संघर्ष किया और एक साथ ही शोहरत का मुकाम हासिल किया.

अब ये पावरस्टार कपल फिल्मों में अपना दम दिखाते रहते हैं. दोनों ही फिल्मी दुनिया के स्टार बन गए हैं और बीते दिनों फिल्म फुले में भी साथ नजर आए थे. इसके साथ ही राजकुमार राव हिंदी सिनेमा के सुपरहिट हीरो हैं और बीते साल बॉलीवुड की सबसे बड़ी कमाऊ फिल्म देने में सफल रहे थे. अब राजकुमार राव भी जल्द ही पिता बनने वाले हैं.